an>

Title: Need to ensure proper operation of sewage treatment plants in the country.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदय, देश के बड़े शहरों में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट सरकार की सहायता से लगाए गए और उन्हें बाद में नगर निगम को संचालन के लिए सौंप दिया गया। उनकी हालत बहुत ही खराब है और उनका रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है, यहां तक कि कई निगमों और नगरपालिकाओं ने ट्रीटमेंट प्लांट लगाया ही नहीं और कचरा सीधे नदी में गिरा रहे हैं। नदियों के सफाई अभियान का कोई अर्थ नहीं रह जाता जब तक कि बड़े शहरों में प्लांटों को दुरुस्त नहीं किया जाता और इस बात की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जाती कि नदियों में बिना शाधन के पानी न गिराया जाए।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि देशभर में सीवर ट्रीटमेंट प्लांटों की हालत सुधारी जाए और वह ठीक ढंग से कार्य करें, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।